भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1558
28 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

पीएमएसएसवाई के अंतर्गत तमिलनाडु को निधि का आवंटन

1558. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी. :

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत तमिलनाडु के लिए स्वीकृत 1,240.95 करोड़ रुपये कुल परियोजना परिव्यय के मुकाबले जारी किए गए वास्तविक केंद्रीय हिस्से में भारी कमी के क्या कारण हैं;
(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु के पारंपरिक और कारीगर मछुआरों को सीधे भौतिक रूप से वितरित किए गए केंद्रीय वित्त की पूर्ण मात्रा का वर्ष-वार और तिरुनेलवेली सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या वर्तमान केंद्रीय बजट के अंतर्गत अब तक के सर्वाधिक केंद्रीय आवंटन में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाली नौकाओं के परिवर्तन और दक्षिणी तमिलनाडु में मछली उतारने के केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए पृथक निधि शामिल होंगी; और
(घ) ईंधन तथा परिचालन आदानों की लागत में भारी वृद्धि के मद्देनजर पारंपरिक मत्स्यजीवी परिवारों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा तत्काल वित्तीय राहत एवं आदानगत सब्सिडी प्रदान करने हेतु क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क): मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक की अवधि के दौरान तमिलनाडु में प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 1,240.5778 करोड़ रुपए के कुल स्वीकृत परिव्यय से प्रशासनिक मंजूरियां प्रदान की थीं। इसमें लाभार्थी और गैर-लाभार्थी दोनों घटकों को शामिल करते हुए 480.0906 करोड़ रुपए का केंद्रीय शेयर, 455.6139 करोड़ रुपए का राज्य का शेयर और 272.8488 करोड़ रुपए का लाभार्थी योगदान शामिल है। स्वीकृत परियोजना परिव्यय पूरी योजना अवधि के लिए कुल वित्तीय आवंटन को दर्शाता है, जबकि मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार के द्वारा कार्यान्वयन की प्रगति, उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने और योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन आदि के आधार पर केंद्रीय शेयर चरणों में जारी किया जाता है। तदनुसार, केंद्रीय सहायता समय-समय पर जारी की जाती है, और यह स्वीकृत परियोजना परिव्यय में किसी कमी को निरूपित नहीं करती है।

(ख): विगत तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान तमिलनाडु को PMMSY के तहत वर्ष-वार जारी किए गए केंद्रीय कोष का विवरण और तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में PMMSY के तहत जारी केंद्रीय कोष का विवरण **अनुबंध** में प्रदान किया गया है। सब्सिडी की राशि इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

(ग): अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) में गहरे समुद्र में मत्स्यन को बढ़ावा देने के लिए, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने वर्ष 2015-2020 से कार्यान्वित ब्लू रिवोल्यूशन संबंधी केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) के तहत "गहरे समुद्र में मत्स्यन के लिए सहायता" नामक एक उप-घटक और "ट्रॉलरों को संसाधन विशिष्ट गहरे समुद्र में फिशिंग पोतों में बदलना" नामक एक अन्य घटक की शुरुआत की थी। इन उप-घटकों को तमिलनाडु सहित तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में गहरे समुद्र में मत्स्यन को बढ़ावा देने के लिए

पारंपरिक मछुआरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। पारंपरिक मछुआरों को गहन समुद्र फिशिंग पोतों (DSFVs) के अधिग्रहण के लिए वित्तीय सहायता को PMMSY के तहत भी जारी रखा गया है, जिसके अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लिए 40% सब्सिडी और अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /महिला लाभार्थियों के लिए 60% सब्सिडी की दर निर्धारित है। मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (FIDF) के तहत भी मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा DSFVs के लिए सहायता प्रदान की जाती है। PMMSY के तहत, पारंपरिक मछुआरों को गहन समुद्र फिशिंग पोतों (DSFVs) के अधिग्रहण के साथ-साथ निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए मौजूदा फिशिंग पोतों के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ब्लू रिवोल्यूशन, PMMSY और FIDF की योजनाओं के तहत, तमिलनाडु राज्य के मछुआरों सहित पारंपरिक मछुआरों द्वारा 1,205 गहन समुद्र फिशिंग पोतों के अधिग्रहण के लिए 1,314.81 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के तहत अवसंरचना के विकास और आधुनिकीकरण को उच्च प्राथमिकता दी जाती है। तमिलनाडु में ब्लू रिवोल्यूशन योजना के तहत 187.9 करोड़ रुपए की अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी, जिसमें मूक्कैयूर में फिशिंग हार्बर परियोजना और कुंथुकल में मत्स्य अवतरण केन्द्र शामिल हैं। तमिलनाडु में PMMSY के तहत 155.57 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें तीन फिशिंग हार्बर परियोजनाएं, यथा—चेन्नई फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण, पलयार फिशिंग हार्बर का उन्नयन, कोलाचेल फिशिंग हार्बर का रखरखाव ड्रेजिंग; और चार मत्स्य अवतरण केन्द्र परियोजनाएं, यथा—नेट्टुकुप्पम मत्स्य अवतरण केन्द्र, थाज़नकुप्पम मत्स्य अवतरण केन्द्र, अरंगमकुप्पम मत्स्य अवतरण केन्द्र और गूननकुप्पम मत्स्य अवतरण केन्द्र शामिल मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (FIDF) योजना के तहत, तमिलनाडु में 1988.35 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत से 16 फिशिंग हार्बर्स और 57 मत्स्य अवतरण केंद्रों को मंजूरी दी गई है।

(घ): मछुआरों को ईंधन पर सब्सिडी/रियायत दर संबंधित राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रदान की जाती है, जो मात्स्यिकी क्षेत्र के लिए अपनी कराधान और कल्याणकारी नीतियां तैयार करने की अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हैं। तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि सरकार मछुआरों की यंत्रीकृत मत्स्यन नौकाओं और मोटर चालित पारंपरिक नौकाओं दोनों) की परिचालन लागत को कम करने के लिए बिक्री कर मुक्त डीजल प्रदान कर रही है और थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी जिलों में संचालित मोटर चालित पारंपरिक नौकाओं को रियायती दरों पर औद्योगिक केरोसिन भी प्रदान कर रही है।

इस योजना के तहत, तमिलनाडु सरकार 4,500 यंत्रीकृत मत्स्यन नौकाओं को 19,000 लीटर/वर्ष/नौका बिक्री कर मुक्त डीजल, 13,500 मोटर चालित पारंपरिक नौकाओं को 4,400 लीटर/वर्ष/नौका बिक्री कर मुक्त डीजल और लगभग 7,500 मोटर चालित पारंपरिक नौकाओं को 3,700 लीटर/वर्ष/नौका रियायती औद्योगिक केरोसिन प्रदान कर रही है।

****

अनुबंध

पीएमएसएसवाई के अंतर्गत तमिलनाडु को निधि का आवंटन के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री रॉबर्ट ब्रूस सी. द्वारा पूछे गए 28 जुलाई, 2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1558 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

विगत तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान PMMSY के तहत तमिलनाडु को जारी किए गए केंद्रीय निधि का विवरण।

रुपए करोड़ में

वर्ष	**कुल स्वीकृत परियोजना लागत**	**भारत सरकार का कुल स्वीकृत शेयर**	**भारत सरकार का कुल जारी शेयर**
2023-24	116.1055	37.2046	30.5646
2024-25	152.1927	29.5485	27.8199
2025-26	74.3031	24.7677	24.7677
Sub-total	**342.6013**	**91.5208**	**83.1522**

क. तमिलनाडु के तिरुनेलवेली ज़िले में PMMSY के तहत जारी केंद्रीय निधि का विवरण

वर्ष	**योजना का नाम**	**वर्ग**	**लाभार्थियों की संख्या**	**सरकार का शेयर (रुपए लाख में)**	**केंद्र का शेयर (रुपए लाख में)**
2021-22	इंसुलेटेड गाड़ी	सामान्य	6	14.35	8.61
2021-22	इंसुलेटेड गाड़ी	महिला	5	30.33	18.20
2022-23	इंसुलेटेड गाड़ी	सामान्य	2	14.05	8.43
2023-24	इंसुलेटेड गाड़ी	सामान्य	4	25.42	15.25
2021-22	एक्सेसरीज़ के साथ FRP नाव बनाना	सामान्य	47	94.00	56.40
2020-21	एक्सेसरीज़ के साथ FRP नाव बनाना	सामान्य	30	60.00	36.00
2020-21	आइस बॉक्स वाला दो-पहिया वाहन	सामान्य	14	4.13	2.48
2023-24	आइस बॉक्स वाला दो-पहिया वाहन	सामान्य	10	3.00	1.80
2020-21	आइस बॉक्स वाला तीन-पहिया वाहन	सामान्य	1	1.20	0.72
		कुल	**119**	**246.48**	**147.888**

****